आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)

गुरूवार 24.07.2025 समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण का मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न। अंतिम समाचार मिलने तक 55 प्रतिशत से अधिक मतदान की खबर।
- मतदान को लेकर लोगों में देखा गया खासा उत्साह। 17 हजार 829 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में बंद।
- प्रदेश में बनने वाले खेल विश्वविद्यालय के पहले कुलपति और कुलसचिव नियुक्त। खेल मंत्री रेखा आर्या ने विश्वविद्यालय स्थापना के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए।
- प्रमुख वित्त सचिव आर.के. सुधांशु ने राज्य सरकार के कार्मिकों को कॉरपोरेट सेविंग बैंक सैलरी योजना से जोड़ने की प्रगति की समीक्षा की।

**मतदान**

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के पहले चरण में हरिद्वार को छोड़कर अन्य सभी जिलों के 49 विकासखंडों में आज कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। इसके साथ ही विभिन्न पदों के 17 हजार 829 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला मतपेटियों में बंद हो गया है। अंतिम समाचार लिखे जाने तक प्रदेश में 55 प्रतिशत से अधिक मतदान की खबर है। इस बीच, प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदान केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता बंदोबस्त किए गए थे। संबंधित जिले के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऊधमसिंह नगर जिले के राजकीय आदर्श प्राथमिक विद्यालय नगला तराई में वोट डाला। मुख्यमंत्री के साथ उनकी माता बिशना देवी ने भी मतदान किया। वहीं, कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने अल्मोड़ा जिले के शहीद बिशन सिंह बोरा अटल उत्कृष्ट राजकीय इंटर कॉलेज, सोमेश्वर में मतदान किया। गौरतलब है कि दूसरे चरण का मतदान 28 जुलाई को होगा और दोनों चरणों की मतगणना 31 जुलाई को की जाएगी।

**<u>मतदान बागेश्वर/अल्मोड़ा</u>**

प्रदेश के विभिन्न जिलों में मतदान को लेकर मतदाता खासे उत्साहित दिखाई दिए। बागेश्वर जिले के तीनों विकासखंडों– बागेश्वर, गरूड़ और कपकोट में मतदान केंद्रों पर मतदाताओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। युवा मतदाता भी पहली बार वोट देने को लेकर बेहद उत्साहित नजर आए। प्रशासन की ओर से सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए व्यापक इंतजाम किए गए थे। अल्मोड़ा जिले में भैंसियाछाना, धौलादेवी, लमगड़ा, ताकुला, ताड़ीखेत और चौखुटिया विकासखंडों के 649 मतदान स्थलों पर आज शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न हुआ। इन विकासखंडों में 2 लाख 83 हजार 789 मतदाता पंजीकृत हैं। मतदान प्रक्रिया को शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने एक हजार 345 सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की थी। भैंसियाछाना ब्लॉक के पेटशाल मतदान केंद्र में वोट डालने आए अभिषेक आर्या ने कहा कि पंचायत का गठन होने से क्षेत्र का  विकास होगा।

**<u>मतदान ऊधमसिंह नगर</u>**

ऊधमसिंह नगर जिले के गदरपुर, बाजपुर, खटीमा और सितारगंज विकासखंडों में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। गदरपुर के खानपुर–पूर्व में मतदान करने आई धृति विश्वास ने कहा कि वे ऐसे उम्मीदवार को चुनेगी, जो गांव का विकास करे।

वहीं, खानपुर–पूर्व के ही विद्युत सिकदार ने कहा कि गांव में सड़क, बिजली आदि समस्याएं हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे उम्मीदवार को विजयी बनाएंगे, जो गांव का उज्ज्वल भविष्य तय कर सके।

गौरतलब है कि खटीमा, सितारगंज, बाजपुर और गदरपुर ब्लॉक में कुल चार लाख 86 हजार 752 मतदाता निर्वाचक नामावली में दर्ज है।

**<u>मतदान पौड़ी/उत्तरकाशी</u>**

पौड़ी जिले में खिर्सू, पाबौ, थलीसैंण, नैनीडांडा, बीरोंखाल, रिखणीखाल, एकेश्वर और पोखड़ा विकासखंडों में मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ। पंचायत चुनाव में मतदाताओं का खासा उत्साह देखने को मिला। अधिकांश मतदान केन्द्रों पर प्रवासी मतदाताओं की उपस्थिति भी रही। उत्तरकाशी जिले में मतदान केंद्रों पर सुबह से ही लोगों की लंबी कतारें लगी रहीं। जिले के नौगांव, पुरोला और मोरी ब्लॉक के 272 पोलिंग बूथों पर मतदान सम्पन्न हुआ। टिहरी और नैनीताल सहित राज्य के अन्य जिलों में भी मतदान शांतिपूर्ण सम्पन्न हुआ।

**चुनाव बहिष्कार**

चमोली जिले के नारायणबगड़ और देवाल विकासखंड के दो मतदान केंद्रों पर ग्रामीणों के पंचायत चुनाव के बहिष्कार के कारण एक भी मत नहीं डाला गया। देवाल ब्लॉक के कुलिंग गांव के ग्रामीण लंबे समय से सड़क निर्माण की मांग कर रहे हैं। ग्रामीणों ने इस बार भी पंचायत चुनाव बहिष्कार की चेतावनी दी थी। हालांकि पोलिंग पार्टी ने मतदान की सभी तैयारी की थी, लेकिन पोलिंग बूथ पर मतदान करने कोई नहीं आया। उधर, नारायणबगड़ ब्लॉक के नाखोली मतदान केंद्र पर चुनाव बहिष्कार के चलते गांव का कोई भी मतदाता वोट डालने नहीं आया। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के लिए मंजूर सड़क का निर्माण न होने से उन्होंने चुनाव का बहिष्कार किया। वहीं, इसके बावजूद मतदान कर्मी सुबह से लेकर शाम तक ड्यूटी पर तैनात रहे।

**खेल मंत्री**

प्रदेश में खेल विश्वविद्यालय स्थापित करने की दिशा में राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय के पहले कुलपति और कुल सचिव की नियुक्ति कर दी है। इसके साथ ही खेल मंत्री रेखा आर्या ने विश्वविद्यालय स्थापना के काम में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। खेल मंत्री रेखा आर्या ने बताया कि आगामी राष्ट्रीय खेल दिवस पर 29 अगस्त को खेल विश्वविद्यालय के शिलान्यास की तैयारी की जा रही है। इसी क्रम में शासन से विश्वविद्यालय के तीन पदों– कुलपति, कुलसचिव और वित्त नियंत्रक पर नियुक्ति कर दी गई है। फिलहाल विशेष प्रमुख खेल सचिव अमित सिन्हा कुलपति, जबकि खेल निदेशक आशीष चौहान कुल सचिव पद की जिम्मेदारी संभालेंगे। इनके अलावा खेल निदेशालय के वित्त अधिकारी वी.एन पांडे को विश्वविद्यालय के वित्त नियंत्रक का कार्यभार सौंपा गया है। यह अस्थाई नियुक्तियां स्थाई पदाधिकारियों के नियुक्त होने तक या अधिकतम एक साल तक के लिए की गई है। खेल मंत्री ने बताया कि विश्वविद्यालय की स्थापना के लिए तमाम प्रशासनिक कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए यह पदेन नियुक्तियां की गई है। उन्होंने कहा कि तीनों पदाधिकारी शुरुआत में विश्वविद्यालय की गतिविधियों को संचालित करेंगे।

**प्रमुख वित्त सचिव बैठक**

प्रमुख वित्त सचिव आर.के. सुधांशु ने आज सचिवालय में राज्य सरकार के कार्मिकों को कॉरपोरेट सेविंग बैंक सैलरी योजना से जोड़ने की प्रगति की समीक्षा की। बैठक में यह तथ्य सामने आया कि अभी तक राज्य के लगभग एक लाख 56 हजार राजकीय कार्मिकों में से केवल लगभग 60 प्रतिशत कार्मिकों को ही योजना के अन्तर्गत आच्छादित किया गया है। इस पर प्रमुख सचिव ने नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी राजकीय कार्मिकों को योजना से शीघ्र जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने निदेशक, कोषागार, पेंशन एवं हकदारी को आईएफएमएस पोर्टल के माध्यम से सभी कार्मिकों को योजना से आच्छादन के लिए सूचना भेजने के निर्देश दिए। प्रमुख सचिव ने योजना के सुचारु क्रियान्वयन के लिए बैंक प्रतिनिधियों के साथ बैठक आयोजित कर एसओपी तैयार करने पर बल दिया।

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार ने राजकीय कार्मिकों को विभिन्न बैंकों के माध्यम से इस योजना के तहत निःशुल्क बीमा कवर और अन्य वित्तीय लाभ प्रदान किये जाने के उद्देश्य से अनुबंध किया है। यह योजना पूरी तरह बैंकों द्वारा वित्तपोषित है और राज्य के सभी कार्मिकों के लिए निःशुल्क उपलब्ध करायी जा रही है।

**शिक्षा मंत्री**

शिक्षा मंत्री डॉ धन सिंह रावत ने कहा है कि प्रदेश में एकल शिक्षक व छात्रों वाले स्कूलों को मर्ज नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में लगभग 550 कलस्टर स्कूल और लगभग 225 पीएम श्री स्कूल बनाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि कलस्टर स्कूलों में बच्चों को शिक्षा और उससे संबंधित सभी बेहतर सुविधा मिले।

**मेला क्षेत्र सफाई**

कांवड़ मेला सम्पन्न होने के बाद हरिद्वार नगर निगम और जिला प्रशासन नगर की सफाई और कूड़ा हटाने में जुट गया है। आज भी कई घाटों और सार्वजनिक जगहों पर फैली गंदगी की सफाई की गई। नगर आयुक्त नंदन कुमार ने बताया कांवड़ यात्रा के पहले दिन से ही नगर निगम ने सफाई अभियान शुरू कर दिया था और पूरे मेले के दौरान सफाई कार्य जारी रहा। इसलिए बहुत कम कूड़ा शहर में दिखाई दिया। उन्होंने बताया कि नगर निगम की अलग–अलग टीम सार्वजनिक जगहों और घाटों की सफाई कर रही हैं और हरिद्वार को सुंदर व स्वच्छ बनाने के लिए कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जाएगी।

गौरतलब है कि हरिद्वार में गत 11 जुलाई से 13 दिन तक चले कांवड़ मेले के दौरान कांवड़ यात्री खाद्य पदार्थ, प्लास्टिक की बोतल, पालीथिन, कपड़े आदि के रूप में हजारों टन कूड़ा छोड़ गए। मेला संपन्न होने के बाद इस कूड़े को हटाने और गंगा घाटों की सफाई में नगर निगम जुट गया है।